भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा भाविप्रा के सहयोग से 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

नई दिल्ली, 21जून, 2024: नागर विमानन मंत्रालय द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के सहयोग से 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की का शुभारंभ श्री किंजरापु राममोहन नायडू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा श्री वी. वुअलनाम , सचिव, नागर विमानन मंत्रालय , श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा नागर विमानन मंत्रालय, बीसीएएस (BCAS), डीजीसीए (DGCA) और भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रातःकाल में आयोजित इस कार्यक्रम में नागर विमानन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा अन्य संबद्ध विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के योग गुरु और उनकी टीम द्वारा सामान्य योगासन अभ्यासों का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर श्री किंजरापु राममोहन नायडू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है और अब यह विश्व स्तर पर भी लोकप्रिय हो चुका है। भाग-दौड़ भरे जीवन में योग हर किसी को शांति और बेहतर स्वास्थ्य देने में सहायक होता है। विमानन जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में काम करने वाले कार्मिकों के लिए योग विशेष रूप से लाभकारी है।

योग हमारे जीवन में अनुशासन जोड़ता है जो अंततः हमारे स्वास्थ्य और जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसकी उत्पत्ति, भारत के इतिहास (पूर्व-वैदिक काल) में निहित है और योग का अभ्यास मन और शरीर दोनों को सामंजस्य प्रदान करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। योग की यह विश्वव्यापी स्वीकृति हमारे देश के लिए गर्व की बात है, क्योंकि योग हमारे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का एक अभिन्न अंग है।

इस वर्ष, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 का विषय 'स्वयं और समाज के लिए योग' है।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: म.प्र (नि.सं.) 011-20818228
(प्रेस विज्ञप्ति संख्या 03/2024-25)

10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री किंजरापु राममोहन नायडू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, श्री वी. वुअलनाम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान सभा को संबोधित करते हुए माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री

योगासन का अभ्यास

योगासन का अभ्यास